टोरिया कांड में 5 और आरोपी गिरफ्तार

- अब 11 आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे
- गिरफ्तार आरोपियों को भेजा गया जेल

छतरपुर, 14 जून. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के टोरिया मोहल्ले में बीते दिनों हुए एक्सीडेंट के बाद हुए विवाद के मामले में पुलिस ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह ने रविवार दोपहर जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है. थाना प्रभारी के अनुसार इस मामले में पहले ही छह आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी.अब पांच अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.इस प्रकार अब तक कुल 11 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं. पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें भूरा, कासिम, अरमान, निसु और साहिल शामिल हैं.मामले में अन्य आरोपियों की तलाश और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है.

विधायक ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

बिजावर, 14 जून. विधायक राजेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल मातगुवां और बिजावर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया.इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों, प्रबुद्धजनों और समाज के प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया गया तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को बताया है.

खजुराहो मंदिर परिसर में मॉक ड्रिल

- बीडीएस और डॉग स्क्वॉड ने दिखाया सुरक्षा कौशल

खजुराहो, 14 जून. विश्व प्रसिद्ध खजुराहो के मुख्य पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में रविवार को सुरक्षा एजेंसियों द्वारा व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई.संदिग्ध वस्तु मिलने की काल्पनिक सूचना पर बम डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीएस) और डॉग स्क्वॉड की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर सुरक्षा कार्रवाई का अभ्यास किया.

मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने वास्तविक परिस्थितियों की तरह पूरे परिसर की घेराबंदी कर उसे अपने नियंत्रण में लिया.डॉग स्क्वॉड की सहायता से संदिग्ध वस्तु की गहन जांच की गई, जिसके बाद बीडीएस टीम ने निर्धारित सुरक्षा मानकों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने की प्रक्रिया का सफल प्रदर्शन किया.अधिकारियों के अनुसार इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी संभावित आपात स्थिति में सुरक्षा बलों की तत्परता, समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना था. इससे मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की तैयारियों का आकलन किया गया.

एक नजर में

जिला अस्पताल में बंद पड़े एसी, मरीज परेशान

छतरपुर, 14 जून. भीषण गर्मी के बीच जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित फीमेल सर्जिकल, ट्रॉमा और बर्न वार्ड के सेंट्रल एसी बंद होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है .रविवार दोपहर करीब दो बजे वार्डों में उमस और गर्मी के कारण मरीज बेचैन नजर आए .परिजनों का कहना है कि कई दिनों से एसी बंद पड़े हैं, जिससे वार्डों में रहना मुश्किल हो गया है . मरीजों के परिजनों का आरोप है कि राहत के लिए उन्हें अपने घरों से पंखे और कूलर लाने पड़ रहे हैं, जबकि कुछ लोगों ने किराए पर कूलर की व्यवस्था की है .उनका कहना है कि अस्पताल प्रशासन की ओर से पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे मरीजों की परेशानी और बढ़ गई है .विशेष रूप से ट्रॉमा और बर्न वार्ड में भर्ती मरीजों को गर्मी के कारण अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है . परिजनों ने अस्पताल में पीने के पानी की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं . उनका कहना है कि पर्याप्त ठंडे पानी की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों और उनके साथ रहने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है . उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से जल्द से जल्द सेंट्रल एसी की मरम्मत कराने और पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है .

ड्यूटी के दौरान मिला मोबाइल आरक्षक ने लौटाया

छतरपुर, 14 जून. शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ आरक्षक खगेन्द्र तिवारी को छत्रसाल चौराहे के पास सड़क पर एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन मिला .उन्होंने विभिन्न माध्यमों से मोबाइल के वास्तविक स्वामी की तलाश की और पहचान होने पर सूचना देकर उसे सुरक्षित वापस सौंप दिया . मोबाइल धारक मनोज नामदेव निवासी ग्राम कुर्राहा को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मोबाइल सुपुर्द किया गया . मनोज नामदेव ने बताया कि करीब 20 हजार रुपये कीमत का यह मोबाइल रास्ते में कहीं गिर गया था .मोबाइल वापस मिलने पर उन्होंने छतरपुर पुलिस और आरक्षक खगेन्द्र तिवारी का आभार जताया . फोटो, सोनम

सेवार गांव की बेटी सोनम बनी आरक्षक

घुवारा, 14 जून. ग्राम सेवार निवासी किसान छोटेलाल शुक्ला की पुत्री सोनम शुक्ला का चयन मप्र पुलिस में महिला आरक्षक पद पर हुआ है .इंदौर से प्रशिक्षण पूरा कर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने डीजे, पुष्पवर्षा और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया .घर पहुंचकर सोनम ने माता-पिता का सम्मान किया, जिससे परिवार भावुक हो उठा .

विधायक यादव ने सुनीं समस्याएं

- अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

छतरपुर, 14 जून. भाजपा विधायक ललिता यादव ने अपने निवास पर क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं.इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया और समाधान की मांग रखी.

विधायक ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की आवाज सुनी जाए और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो, यह उनकी प्राथमिकता है. इस अवसर पर विधायक ललिता यादव ने कहा कि उनके लिए राजनीति केवल दायित्व नहीं, बल्कि जनसेवा का संकल्प है.उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उसी विश्वास पर खरा उतरना उनका कर्तव्य है.

शासकीय जमीन पर प्लॉटिंग का आरोप

बिजावर, 14 जून. बिजावर क्षेत्र के ग्राम उदयपुरा में वन भूमि से लगी राजस्व विभाग की जमीन पर पेड़ काटकर अवैध प्लॉटिंग किए जाने के आरोप लगे हैं.ग्रामीणों का दावा है कि केन-बेतवा परियोजना से विस्थापित परिवारों को 50-50 हजार रुपये में प्लॉट बेचे गए. मामले को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है. गांव के लोगों ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है. उन्होंने कार्रवाई की मांग की.

पेड़ से गिरा बुजुर्ग, घायल

- आम तोड़ने चढ़ा था पेड़ पर

छतरपुर, 14 जून. जिले के देवपुर गांव में आम तोड़ते समय एक 60 वर्षीय वृद्ध पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. देवपुर निवासी मिहीलाल यादव आम के पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ रहे थे. इसी दौरान जिस डाल पर वह खड़े थे, वह अचानक टूट गई, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे करीब 10 से 15 फीट नीचे जमीन पर गिर पड़े.

गिरने के दौरान उनका चेहरा जमीन पर पड़े एक पत्थर से टकरा गया, जिससे नाक और आंख के बीच गहरी चोट लग गई और काफी खून बहने लगा.घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया.

चिकित्सकों के अनुसार, चोट गंभीर होने के कारण नाक के ऊपर आधा दर्जन से अधिक टांके लगाने पड़े. डॉक्टरों ने बताया कि पत्थर की चोट यदि थोड़ी और गहरी होती तो आंख या सिर में गंभीर नुकसान हो सकता था.प्राथमिक उपचार के बाद मिहीलाल यादव को करीब तीन घंटे तक ऑब्जर्वेशन में रखा गया.हालत स्थिर होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई.

मातृ वंदना योजना से मिली सहायता

- लाभ मिलने पर खुश हैं भारती यादव



छतरपुर, 14 जून. भारत सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है.इस योजना का लाभ मिलने पर छतरपुर जिले की निवासी भारती यादव ने प्रसन्नता व्यक्त की है.

भारती यादव ने बताया कि योजना के अंतर्गत उन्हें 5 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई.इस राशि से उनके और उनकी बच्ची के स्वास्थ्य देखभाल तथा भरण-पोषण में काफी मदद मिली.उन्होंने कहा कि इससे परिवार को आर्थिक सहारा मिला है. लाभार्थी भारती यादव ने योजना के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता राशि माताओं और नवजात शिशुओं के लिए बहुत उपयोगी है.उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत का काम कर रही है .

दिव्यांगजनों के लिए लगाया जागरुकता शिविर

- डॉक्टर ने परीक्षण कर दिया परामर्श

छतरपुर, 14 जून. मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया तथा न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा द्वारा किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर के एडीआर भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह ने की.इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राजेश कुमार देवलिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विष्णु प्रसाद सोलंकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.शिविर में जिले के लगभग 24 श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों ने भाग लिया.एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मीडिएशन, समान अवसर के अधिकार, शासकीय योजनाओं तक पहुंच, संस्थागत सहयोग, तनाव प्रबंधन, योग एवं मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण के साथ दिव्यांगजनों के विधिक अधिकारों और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी गई.

प्रशिक्षण सत्रों का संचालन विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा किया गया.वहीं जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड ने उपस्थित दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया.मेडिकल टीम में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं ऑडियोलॉजिस्ट ने जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया. इसके अलावा सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं एवं पेंशन आदि की जानकारी दी.

पत्नी की प्रताड़ना से पति परेशान

- झूठी शिकायतों का लगाया आरोप
- प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

छतरपुर, 14 जून. लवकुशनगर थाना क्षेत्र वार्ड क्रमांक-1 निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी पर मानसिक प्रताड़ना और लगातार झूठी शिकायतें करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है.

पीड़ित प्रदीप सिंह का कहना है कि पारिवारिक विवाद के चलते उनकी पत्नी रागनी द्वारा बार-बार शिकायतें की जा रही हैं, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं. प्रदीप सिंह ने अधिकारियों को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि लगातार हो रही शिकायतों के कारण उनका सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है.उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए और उचित कार्रवाई की जाए.

पीड़ित का कहना है कि वह कानून और प्रशासन पर भरोसा रखते हैं तथा चाहते हैं कि दोनों पक्षों की बात सुनकर निष्पक्ष निर्णय लिया जाए.उन्होंने प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की है. हालांकि, इससे पहले पत्नी रागनी भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने पति पर मारपीट और आग लगाने जैसी गंभीर घटनाओं का आरोप लगा चुकी हैं.दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं, जिससे मामला और उलझता नजर आ रहा है.फिलहाल पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है.अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी.घरेलू विवाद के इस मामले में आरोपों की सत्यता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी.

तालाब में कब्जे का प्रयास

- वीडियो वायरल, जांच की मांग

छतरपुर, 14 जून. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित किशोर सागर तालाब में जेसीबी की मदद से मिट्टी डालकर कथित रूप से कब्जे का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है.

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है. वायरल वीडियो में तालाब के एक हिस्से में जेसीबी मशीन से मिट्टी डाली जाती दिखाई दे रही है.स्थानीय लोगों का आरोप है कि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण की नीयत से यह काम किया जा रहा है.मामले को लेकर लोगों ने प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है.

आयोजन बागेश्वर धाम क्षेत्र के व्यापारियों के साथ हुई बैठक में पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा-

सुरक्षा और स्वच्छता में निभाएं सक्रिय भागीदारी

छतरपुर, 14 जून. श्रीलंका यात्रा पर रवाना होने से पहले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने धाम क्षेत्र के डेढ़ हजार से अधिक व्यापारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की.

करीब तीन माह बाद आयोजित इस बैठक में उन्होंने व्यापारियों से सीधा संवाद करते हुए बागेश्वर धाम को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया. बैठक के

दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि धाम से जुड़े सभी व्यापारी बागेश्वर धाम परिवार का हिस्सा हैं और यह धाम उनका अपना घर है.उन्होंने व्यवसायियों से कर्मचारियों को नियुक्त करने से पहले उनका पुलिस सत्यापन कराने की अपील की, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और धाम की गरिमा बनी रहे.उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी केवल समिति और प्रशासन की नहीं, बल्कि व्यापारियों की भी है. पीठाधीश्वर ने व्यापारियों से स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन और सेवा भाव के साथ सहयोग करने का आग्रह किया.उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम आने वाले लाखों श्रद्धालु यहां से केवल बालाजी सरकार की महिमा ही नहीं, बल्कि व्यापारियों के सेवाभाव को भी याद लेकर जाएं.बैठक में व्यापारियों ने भी धाम की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और समिति के साथ मिलकर कार्य करने का भरोसा जताया.

इस दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि यदि कोई उद्योगपति या व्यवसायी बागेश्वर धाम क्षेत्र में बड़े स्तर पर फैक्ट्री स्थापित करना चाहता है, तो बागेश्वर धाम जन सेवा समिति हर संभव सहयोग करेगी. उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी.

अखिलेश की बेटी पर टिप्पणी का विरोध

- सपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में दिया आवेदन
- आरोपी युवक पर कार्रवाई की उठाई मांग

छतरपुर, 14 जून. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव के संबंध में सोशल मीडिया पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर रविवार को छतरपुर में सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया.

कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सिटी कोतवाली थाने पहुंचे और मामले में कार्रवाई की मांग उठाई. सपा नेताओं का आरोप है कि छतरपुर निवासी प्रशांत महतो द्वारा सोशल मीडिया पर अदिति यादव को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी व्याप्त है. कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को एक लिखित आवेदन सौंपते हुए संबंधित युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की.उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया पर इस प्रकार की टिप्पणियां स्वीकार्य नहीं हैं और इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. थाना प्रभारी सतीश सिंह ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है. नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.